भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +3261
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर-पूर्वी राज्यों में पर्यटन क्षमता बढ़ाने के लिए की गई कार्रवाई**

**+3261. श्री डी.एम. कथीर आनन्द:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर-पूर्वी भारत में पर्यटन क्षमता में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से कितने राजस्व का सृजन हुआ;

(ख) पिछले तीन वर्षों में पर्यटन से सर्वाधिक राजस्व प्राप्त करने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है और उस राज्य का ब्यौरा क्या है जिसमें पर्यटन की अधिकतम क्षमता है और वह इसका दोहन करने में असमर्थ है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपने विभिन्न योजना दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों सहित विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन, उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रस्तुति और निधियों की उपलब्धता की शर्त पर केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है I पिछले 3 वर्षों में स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है I

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पर्यटन के संवर्धन के लिए यह मंत्रालय घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विशेष संवर्धन कार्य करता है जिसमें इस क्षेत्र की विविधता, पर्यटन उत्पादों और यहां की समृद्ध संस्कृति को दर्शाया जाता है I यह मंत्रालय प्रत्येक वर्ष किसी एक पूर्वोत्तर राज्य में अंतरराष्ट्रीय यात्रा मार्ट (आईटीएम) का आयोजन करता है जिसका उद्देश्य संभावित अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू क्रेताओ के समक्ष अपनी पर्यटन क्षमता के प्रदर्शन और उनके साथ बातचीत के अवसर के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करना है I अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मार्ट का अंतिम संस्करण मणिपुर में आयोजित किया गया था I

पर्यटन मंत्रालय द्वारा मेलो/महोत्सवों/समारोहों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों हेतु संगत योजना दिशा निर्देशों के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता भी दी जाती है I वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक मेलों और महोत्सवों के आयोजन तथा केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजना के लिए निधियों का राज्य वार विवरण **अनुबंध II** में दिया गया है I

मंत्रालय द्वारा पर्यटन से सृजित राजस्व के संबंध में आंकड़ों का संग्रहण नहीं किया जाता है I तथापि वर्ष 2018, 2019 और 2020 के दौरान पर्यटन से प्राप्त विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण इस प्रकार है :

| वर्ष | विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| 2018#2 | 194881 |
| 2019#2 | 211661 |
| 2020#2 | 50,136 |

#2: संशोधित अनुमान

*****

**अनुबंध-I**

उत्तर-पूर्वी राज्यों में पर्यटन क्षमता बढ़ाने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में दिनांक 09.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +3261 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| | **2018-19** | | | |
| 1. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | सूरमाचेरा-उनकोटी-जम्पुई हिल्स-गुनाबती-भुनानेश्वरी-माताबारी-नीरमहल-बोक्सानगर-चोट्टाखोला-पिलक-अवंगचारा का विकास | 65.00 |
| 2. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पश्चिम खासी पहाड़ियों (नोंगखलाव-क्रेमतिरोट-खुडोई और कोहमंग जलप्रपात-खरी नदी- मावथाद्रिशान, शिलोंग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सुरी जलप्रपात- शयिरमांग- लूकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |

**प्रशाद योजना**

**(करोड़ रु. में)**

| राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| नागालैंड | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| सिक्किम | युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.84 |

*****

**अनुबंध-II**

उत्तर-पूर्वी राज्यों में पर्यटन क्षमता बढ़ाने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में दिनांक 09.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +3261 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में मेलों और महोत्सवों की सूची**

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | महोत्सव का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| असम | 2018-19 | अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन | 25.00 |
| | | रोंगली उत्सव के आयोजन के लिए सीएफए | 25.00 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2018-19 | बसर संगम 3.0 महोत्सव | 20.00 |
| मेघालय | 2018-19 | वांगला नृत्य महोत्सव और नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 50.00 |
| मिजोरम | 2018-19 | चापचरकुट महोत्सव का आयोजन | 25.00 |
| सिक्किम | 2018-19 | विश्व पर्यटन दिवस के लिए सीएफए, लाल पांडा महोत्सव, गंगटोक | 50.00 |

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | महोत्सव का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | 2019-20 | मियाव में रिवर ट्राइब्स एंगलिंग फेस्टिवल और बटरफ्लाई मीट का आयोजन | 50.00 |
| मणिपुर | 2019-20 | संगाई महोत्सव, युवा साहसिक और जल क्रीड़ा उत्सव | 50.00 |
| मेघालय | 2019-20 | वांगला नृत्य और नोंगक्रेम नृत्य महोत्सव | 50.00 |
| मिजोरम | 2019-20 | एंथुरियम महोत्सव और शीतकालीन महोत्सव का आयोजन | 50.00 |
| नागालैंड | 2019-20 | थुवु-नी महोत्सव, हॉर्नबिल महोत्सव और सुखरुनी महोत्सव का आयोजन | 50.00 |
| सिक्किम | 2019-20 | विश्व पर्यटन दिवस और रेड पांडा विंटर फेस्टिवल का आयोजन | 50.00 |
| त्रिपुरा | 2019-20 | खारची मेला नीरमहल और दिवाली मेला | 42.00 |

(लाख रु. में)

| राज्य का नाम | वर्ष | महोत्सव का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | 2020-21 | पक्के से पेडल का आयोजन | 25.00 |
| मिजोरम | 2020-21 | एंथुरियम महोत्सव और शीतकालीन महोत्सव | 50.00 |
| सिक्किम | 2020-21 | रेड पांडा विंटर कार्निवल, जोरेथांग माघी मेला और पेलिंग विंटर टूरिज्म फेस्टिवल | 50.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| त्रिपुरा | 2020-21 | भारत बांग्ला महोत्सव | 25.00 |

**केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजना**

(लाख रु. में)

| वर्ष | राज्य | परियोजनाओं का नाम | कार्यान्वियन एजेंसी | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास | डब्ल्यूएपीसीओएस | 3994.75 |

*******